जवाहरलाल नेहरु कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग

प्रेषक :डॉ. शेखर सिंह बघेल
सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी

क्रमांक 119
दिनांक 18.07.2023

जनेकृविवि के एमबीए के छात्रों का फील्ड इंटर्नशिप हेतु चयन
कुलपति डॉ. मिश्रा ने विद्यार्थियों को दी बधाई

जबलपुर 18 जुलाई, 2023। जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा की प्रेरणा से एवं कृषि–व्यवसाय प्रबंधन संस्थान के डायरेक्टर डॉ. मोनी थॉमस के मार्गदर्शन में अध्ययनरत एमबीए के छात्र–छात्राओं द्वारा लगातार कृषि के क्षेत्र में नई–नई तकनीक एवं प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। इस दौरान बायर क्रॉप साइंस कंपनी के द्वारा संस्था के वर्तमान शैक्षणिक सत्र के एमबीए (कृषि–व्यवसाय प्रबंधन) के तृतीय सेमेस्टर के 22 में से 19 एमबीए (कृषि–व्यवसाय प्रबंधन)के छात्रों को 3 माह की फील्ड इंटर्नशिप के लिए चयनित किया गया है। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर कुलपति डॉ. पी.के. मिश्रा ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुये कहा कि यह इंटर्नशिप छात्र–छात्राओं को कृषि के क्षेत्र में व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करने में मील का पत्थर साबित होगा। इंचार्ज अकादमिक डॉ. अनुपमा वर्मा के अनुसार चयनित होने के लिए छात्र–छात्राओं को कड़ी परीक्षा से गुजरना पड़ा। प्रशिक्षु के रूप में वे पूरे मध्य प्रदेश के विभिन्न जिलों में किसानों के साथ काम करेंगे।

दरअसल कृषि–व्यवसाय प्रबंधन संस्थान मप्र में एकमात्र संस्थान है जो 2001 से कृषि व्यवसाय प्रबंधन में 2 वर्षीय एमबीए (कृषि व्यवसाय प्रबंधन) पाठ्यक्रम का संचालन किया जा रहा है। प्रवेश क्षमता 30 सीटें है जिसमें प्रतिस्पर्धी परीक्षा के माध्यम प्रवेश होता है। फील्ड इंटर्नशिप में चयन होंने पर विश्वविद्यालय के अधिकारी एवं आईबीएम के डायरेक्टर डॉ. मोनी थॉमस, डॉ. अनुपमा वर्मा, डॉ. लवीना शर्मा, श्रीमति लक्ष्मी सिंह, डॉ. दीपक पाल, डॉ. हेमंत रहांगडाले, श्री दीपांशु पटेल, श्री लवकेश पटेल एवं श्री जय वर्मा सहित अन्य ने विद्यार्थियों को शुभकामनायें एवं बधाई दी।